दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 12 | अंक : 35 | लखनऊ, 26 जनवरी, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम को किया संबोधित

अमन लेखनी समाचार/

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 2026 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने 130वें संबोधन में उन्होंने देश की इंडस्ट्री और स्टार्टअप्स से आग्रह किया कि वे अपनी मैन्युफैक्चरिंग में एक्सीलेंस को एक नया बेंचमार्क बनाएं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उत्पादों की पहचान दुनिया भर में उनकी बेहतरीन गुणवत्ता से होनी चाहिए।



### 'जीरो डिफेक्ट' और टॉप क्वालिटी का संकल्प

प्रधानमंत्री ने भारतीय कंपनियों और उद्यमियों से 'जीरो डिफेक्ट' उत्पाद बनाने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा, 'चाहे हमारा कपड़ा हो, टेक्नोलॉजी हो, इलेक्ट्रॉनिक्स हो या फिर पैकेजिंग, हर क्षेत्र में भारतीय उत्पाद 'टॉप क्वालिटी' का पर्याय बनना चाहिए। आइए, हम सब मिलकर जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें।'

### स्टार्टअप जगत की सराहना

पीएम मोदी ने उन युवाओं के प्रयासों की जमकर तारीफ की, जिन्होंने 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने गर्व से कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

### युवा शक्ति को सलाम

संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने बताया कि भारतीय स्टार्टअप अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोटेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में अपनी धाक जमा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज आप किसी भी सेक्टर का नाम लें, आपको वहां कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप काम करता हुआ मिल जाएगा। मैं उन सभी युवा साथियों को सलाम करता हूं जो खुद का स्टार्टअप चला रहे हैं या इस दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं।'

### राष्ट्रीय पर्वों की शुभकामनाएं

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई भी दी।

## पंजाबियों के खून में बसी है बलिदान की भावना : भगवंत मान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि त्याग और बलिदान की भावना पंजाबियों के खून में बसी है तथा वे देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, चाहे वे कहीं भी जाएं। मान ने महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित हिंद दी चादर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो-दिवसीय शहीदी समागम कार्यक्रम में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। मान ने कहा, पंजाबियों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने में हमेशा तत्परता दिखाई है। जब दुश्मन की तरफ से गोली आती है, तो वे सबसे पहले उसका सामना करते हैं, चाहे कारगिल हो, जैसलमेर हो, गंगानगर हो या बीकानेर।

## प्रलोभन और पूर्वाग्रह से दूर रहें; मतदान करते समय विवेक का प्रयोग करें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार


नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय लोग अपने विवेक के आधार पर और प्रलोभन, पूर्वाग्रह तथा गलत सूचनाओं से दूर रहकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिससे देश की चुनावी प्रणाली मजबूत होगी। उन्होंने चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने वाली महिलाओं की भी सराहना की। दिल्ली में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि मतदान का अधिकार महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी अनिवार्य है कि सभी नागरिक अपने संवैधानिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए इसका इस्तेमाल करें। निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस को पिछले 16 वर्षों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं को बधाई दी तथा आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जन-जागरण हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश व प्रदेश के सभी सम्मानित मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार और राष्ट्रीय कर्तव्य है। यह जनभागीदारी का सर्वोच्च पर्व है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, आपका एक वोट राष्ट्र के भविष्य, समाज की प्रगति और लोकतंत्र की स्थिरता का आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा, आइए, आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जन-जागरण हेतु संकल्पित हों।








### सूचना

सभी पाठकों एवं संवाददाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/01/2026 को अमन लेखनी कार्यालय में गणतंत्र के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा अगला अंक 28/01/2026 को प्रकाशित किया जाएगा


























































## संक्षेप

### एयरपोर्ट पर यात्री के हैंडबैग से 32 बोर के 4 जिंदा कारतूस बरामद,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बीती रात दिल्ली जा रहे एक यात्री के हैंडबैग से .32 बोर के 4 जिंदा कारतूस बरामद होने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने कारतूस मिलने पर यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में यात्री द्वारा शस्त्र का वैध लाइसेंस दिखाए जाने पर उसे जाने दिया गया, जबकि कारतूस पुलिस के सुपुर्द कर दिए गए। प्रयागराज (इलाहाबाद) निवासी वीर सिंह यादव को एयर इंडिया की उड़ान एआई-1877 से शनिवार रात 8:50 बजे दिल्ली जाना था। वह रात करीब 8 बजे बोर्डिंग के लिए लखनऊ एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान एसएचए एरिया में सुरक्षा जांच के समय उनके हैंडबैग की स्क्रीनिंग में 4 जिंदा कारतूस दिखाई दिए। इस पर सीआईएसएफ ने उन्हें हिरासत में ले लिया और बैग की भौतिक जांच की तो उसमें .32 बोर पिस्टल के 4 कारतूस बरामद हुए। बाद में शस्त्र लाइसेंस दिखाने पर यात्री को जाने दिया गया। जबकि सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए बरामद कारतूस सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गणतंत्र दिवस से पहले 3 रंगों से नहाया लखनऊ

**विधानसभा से राजभवन तक तिरंगे के रंग में रंगे, शाम ढलते ही रौनक बढ़ी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। शहर की सड़कों, चौराहों और प्रमुख सरकारी भवनों पर तिरंगे की रोशनियों ने ऐसा दृश्य रचा, जिसने हर गुजरते शख्स को राष्ट्रप्रेम की अनुभूति कराई। राजधानी का सबसे इलाका हजरतगंज इस मौके पर आकर्षण का केंद्र बना रहा। गणतंत्र दिवस के स्वागत में लखनऊ के सबसे प्रतिष्ठित इलाके हजरतगंज को तिरंगे की आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। सड़क के दोनों ओर लगी रोशनियां और चौराहों पर की गई विशेष सजावट ने पूरे इलाके को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया है। शाम ढलते ही हजरतगंज की रौनक देखते ही बन रही है, जहां लोग रुक-रुक कर इस दृश्य को निहारते नजर आ रहे हैं। राजधानी के प्रमुख सरकारी भवनों पर भी गणतंत्र दिवस की भव्य झलक देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री आवास, विधानसभा, बापू भवन, राजभवन और लोक भवन को तिरंगे की रोशनी से रोशन किया गया है। इन भवनों से लेकर हजरतगंज तक की सड़कें और चौराहे देशभक्ति के प्रकाश से जगमगा रहे हैं, जो राजधानी की शान को और बढ़ा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर लगी तिरंगे की लाइटें न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं, बल्कि हर किसी को राष्ट्र के प्रति गर्व और सम्मान का भाव भी करा रही हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी: फर्जी नियुक्ति पत्र देकर दो लोगों से एक लाख की ठगी

**न्यायालय के आदेश पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज, कई और पीड़ित आने की आशंका**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। खुद को राजनीतिक और हिंदू संगठन से जुड़ा प्रभावशाली व्यक्ति बताने वाले युवक ने दो युवती और एक महिलाए से पचास-पचास हजार रुपये ऐंठ लिए और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिए। पीड़ितों की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलिहाबाद के फिरोजपुर निवासी काजल पुत्री बाबादीन और ज्योति पत्नी प्रमोद ने आरोप लगाया कि उनकी मुलाकात मलिहाबाद कस्बा निवासी सौरभ सैनी से हुई थी। आरोपी ने स्वयं को राजनीतिक पहुंच वाला व्यक्ति बताते हुए जलशक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसने फिरोजपुर क्षेत्र में ही तैनाती का भरोसा दिलाते हुए दोनों से दो-दो लाख रुपये की मांग की और एडवांस के रूप में पचास-पचास हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। रुपए लेने के बाद आरोपी ने दोनों लोगों को विभागीय मुहर व हस्ताक्षर लगे नियुक्ति पत्र सौंप दिए। बाद में जब पीड़िताओं ने विभाग से जानकारी की, तो पता चला कि नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी हैं और उनका किसी भी सरकारी विभाग से कोई लेना-देना नहीं है। ठगी का विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िताओं ने पहले अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश पर मलिहाबाद थाने में 23 और 24 जनवरी 2026 को दोनों तहरीरों पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### अन्य पीड़ित भी आए सामने

मामले में नया मोड़ तब आया जब मलिहाबाद कस्बे के मुजासा गांव के कोटेदार शोएब अहमद ने भी आरोपी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि सौरभ सैनी ने उनकी पत्नी के भाई सलमान खान और अय्यूब खान, निवासी बालागंज लखनऊ, से नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग की थी। इसमें एक लाख रुपये नकद और पचास हजार रुपये ऑनलाइन दिए गए। बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर शेष रकम का दबाव बनाया गया। जॉइनिंग के दौरान दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर न्यायालय में वाद दायर किया गया, जो वर्तमान में विचाराधीन है।

इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी से जुड़े अन्य पीड़ितों और लेन-देन की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# पुराने विवाद में दंपति और उनके नाबालिग बेटे से मारपीट, मुकदमा दर्ज




अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 12 बी में पुराने विवाद में बातचीत करने के लिए गए दंपति और उनके नाबालिग बेटे को आधा दर्जन दबंगों ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडों और लात घूंसो से जमकर पीटा, कॉलोनी के लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकीं देते हुए भाग निकले। पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। सोनम चौहान पत्नी महेंद्र कुमार चौहान 12बी/374 वृंदावन योजना थाना पीजीआई राय बरेली रोड लखनऊ में परिवार संग रहती हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई नामजद तहरीर में बताया कि उनके पुत्र आयुष चौहान उम्र करीब 16 वर्ष का 23/1/26 को दिन में बरौली निवासी कुलदीप चौहान से कुछ विवाद हुआ था। इसी संबंध में दिनांक 23/1/26 को समय करीब 21:30 बजे पीड़िता अपने पति महेंद्र चौहान तथा पुत्र आयुष के साथ, कुलदीप चौहान के द्वारा फोन करके बुलाने पर, अपने घर के पीछे बातचीत करने के लिए खड़े थे। आरोपी कुलदीप अपने साथ प्रिंस पाल , आसिफ, सनी रावत, तथा अनुराग और यश गौतम को अपने साथ लाठी डंडों के साथ लाया था, तथा बातचीत करने के बहाने पीड़िता सोनम, उनके पति तथा पुत्र को लाठी डंडों से तथा लात घूंसों से बुरी तरह मारपीट की तथा मां बहन की भद्दी- भद्दी गालियां देते रहे। मोहल्ले के लोग जब बीच बचाव करने आए, तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित परिवार ने अपना मेडिकल उपचार ट्रामा सेंटर पीजीआई में कराया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## संदिग्ध हालत में आम के पेड़ से लटका मिला राजगीर मिस्त्री का शव



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक अधेड़ राजगीर मिस्त्री का शव घर से करीब 1 किलोमीटर दूर संदिग्ध हालत में उसके खेत के बगल आम के पेड़ से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक नारायणपुर गाँव में रहने वाला निहाल गौतम (55) राजगीर मिस्त्री था। निहाल रविवार सुबह करीब 9 बजे घर से अपने खेत में चारा लेने के लिए निकला था। लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजन उसे खोजने अपने खेत पहुंचे। जहाँ दोपहर करीब 2 बजे गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर खेत के बगल में निहाल के चप्पल रखे मिले। तब निहाल के बेटे धर्मपाल ने अपने खेत के बगल गांव के ही रहने वाले सुंदर की बाग में जाकर देखा तो निहाल बाग के अन्दर आम के पेड़ से अपनी लुंगी के सहारे मृत लटके मिले। धर्मपाल ने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और मौके पर कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पड़ताल के बाद ही उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी कौशल्या के अलावा दो बेटे धर्मपाल और सचिन हैं।

## तेलीबाग में आर्मी से रिटायर्ड कर्मी ने लगाई फांसी, परिवार में मचा कोहराम



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। तेलीबाग क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब आर्मी से रिटायर्ड एक व्यक्ति का शव उनके ही घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी मृतक की पहचान तेलीबाग निवासी बद्री दत्त पांडेय के रूप में हुई है। वह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे और सेवानिवृत्ति के बाद कुछ समय तक कॉरपोरेशन बैंक में सुरक्षा कर्मी के रूप में भी कार्य कर चुके थे। वह बलदेव विहार कॉलोनी स्थित हाउस नंबर 534 व 591 में अपने परिवार के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह करीब सात बजे उनकी पत्नी मोहिनी देवी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उन्होंने अपने बेटे को जानकारी दी। इसके बाद खिड़की का शीशा तोड़ा गया, तब अंदर का दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। बद्री दत्त पांडेय का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज दिनकर वर्मा और हवलदार सुमित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के दो बेटे हैं – प्रकाश दत्त पांडेय और प्रदीप पांडेय। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने कार सवार को रोकर किया रॉड और लाठी डंडों से हमला,कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बची जान, 5 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत लौंगा खेड़ा तिराहे पर, बीती 19 जनवरी को कॉलेज से लौट रहे कार सवार छात्र पर आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने रॉड लाठी डंडों, अवैध असलहों से लैस होकर हमला कर दिया। जिससे पीड़ित की कार क्षतिग्रस्त हो गई, पीड़ित बुरी तरह से घायल हो गया। लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकीं देते हुए भाग निकले पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी लेकिन पुलिस ने 5 दिन तक मुकदमा दर्ज नहीं किया, दबाव पड़ने पर 24 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। तनिष गोस्वामी पिता का नाम दिनेश गोस्वामी 592घ/539 घोसियाना, तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घटना बीती 19 जनवरी शाम करीब 6.25 बजे की है। पीड़ित अपने कालेज एमिटी यूनिवर्सिटी गोमती नगर, लखनऊ से पढकर अपने घर वापस आ रहा था, तभी लौंगा खेडा तिराहा मोड के पास पाल आटा चक्की के पास कुछ अज्ञात 6 से 7 व्यक्ति स्कूटी व मोटर साईकिल से घात लगाकर खड़े थे। और मेरी ब्रेजा कार यूपी32 दव 4830 को रोका और ईंटा, पत्थर, सरिया, धारदार हथियार व अवैध असलहा से लैस होकर हमला कर दिया, मेरी गाडी के सभी शीशे तोड डाला। और मेरे ऊपर जान से मारने की नियत से मारने व पीटने लगे तथा कहने लगे कि इसको गोली मार दो। मौके पर लोगों के जुटने पर आरोपी असलहा लहराते हुए भाग गये। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से सुराग तलाश रही है।

## 500 किलोमीटर पैदल लंबी यात्रा पर निकला बाबा का भक्त

**भगवा व तिरंगा लेकर निकले ट्रैवल सचिन, भतोइया में हुआ भव्य स्वागत**



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सनातन धर्म के प्रति आस्था और श्रद्धा को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ फरुर्खाबाद जनपद के मूसा खिरिया कोठी निवासी ट्रैवल सचिन बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं। वे भगवा ध्वज और तिरंगे के साथ लगभग 500 किलोमीटर लंबी पदयात्रा कर वाराणसी पहुंचकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। रविवार दोपहर को जब उनकी पदयात्रा रहीमाबाद क्षेत्र के हरदोई हाईवे किनारे स्थित भतोइया गांव पहुंची, तो ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। ट्रैवल सचिन ने बताया कि वे अब तक देश के पांच ज्योतिलिंगों के दर्शन कर चुके हैं और हजारों किलोमीटर की दूरी अकेले पैदल तय कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि काशी की यह उनकी दूसरी पदयात्रा है, जिसका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना और समाज में धर्म के प्रति आस्था व भाव को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट विश्वास और सनातन धर्म के प्रति गहरी श्रद्धा ही उन्हें इस कठिन यात्रा के लिए प्रेरित करती है। काशी पहुंचकर वे बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर अपनी यात्रा को पूर्ण करेंगे। ग्रामीणों ने उनके साहस, तपस्या और संकल्प की सराहना करते हुए मंगलमय व सुरक्षित यात्रा की कामना की।

# सड़कों पर उमड़ा राष्ट्रप्रेम का सैलाब, विशाल तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को लखनऊ की सड़कों पर राष्ट्रप्रेम का अद्भुत और ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। सुल्तानपुर रोड देशभक्ति के रंग में रंग उठा, जब दोपहर 1 बजे से निकली विशाल तिरंगा यात्रा में हजारों देशभक्त नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर एकता, अखंडता और राष्ट्रगौरव का संदेश दिया। यह भव्य तिरंगा यात्रा सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित JND खेल मैदान, G7 चौकी, हसनपुर खेवली (अंसल API) से प्रारंभ होकर सुल्तानपुर रोड, HCL तिराहा होते हुए पटेल पार्क, गोसाईगंज पहुँची, जहाँ पूरे सम्मान और गरिमा के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के आयोजक एवं समाजसेवी सूरज प्रधान ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियाँ पिछले दो महीनों से लगातार की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के साथ-साथ युवा वर्ग, समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शामिल हुए। यात्रा के दौरान जब-जब तिरंगा लहराया, तब-तब भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। पूरा इलाका देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस भव्य आयोजन में राम सिंह प्रधान, राजेश वर्मा, केशव प्रसाद (वार्ड पार्षद), अजय पांडेय, सत्यम (चेयरमैन प्रतिनिधि), विनय वर्मा, डिंपल (ब्लॉक प्रमुख), एडवोकेट रमा शंकर भीम, दुर्गेश आंबेडकर, कमल किशोर, सर्वेश प्रधान, विश्राम राज पासी, पवन वर्मा, सुरेंद्र यादव, अमित रावत, निखिलेश रावत एवं विकास रावत सहित बड़ी संख्या में सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# प्रबुद्धजनों के बीच पहुँचे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, संवाद कर रखे विकास के मुद्दे

**मेधावियों को मिला सम्मान: विधायक राजेश्वर ने बाँटे लैपटॉप और साइकिल, स्मार्ट क्लास का भी ऐलान**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को शिवपुरा, बंथरा में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए कहा कि प्रबुद्धजनों का चिंतन और संवाद ही समाज, नीति और शासन की दिशा निर्धारित करता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया तथा उनसे सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय विषयों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि -जिस ओर समाज के प्रबुद्ध वर्ग का विचार अग्रसर होता है, उसी दिशा में नीति, शासन और सरकारें आगे बढ़ती हैं। इसलिए प्रबुद्धजनों के साथ संवाद मेरे लिए सदैव प्राथमिकता रहा है।- डॉ. सिंह ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और उत्तर प्रदेश 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बजट एवं 11.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह उपलब्धि योजनाबद्ध विकास, दूरदर्शी नीतियों, जन-सहभागिता और प्रबुद्ध समाज के सकारात्मक विचारों का परिणाम है। उन्होंने सरोजनीनगर में हो रहे औद्योगिक एवं आधारभूत विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए अशोक लीलैंड की प्रदेश की सबसे बड़ी फैक्ट्री, नौसेना का शौर्य संग्रहालय, लतीफनगर गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय का एग्रीकल्चर कैंपस तथा फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी कैंपस को क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बताया।

### मेधावी सम्मान एवं शिक्षा पर फोकस :

प्रबुद्धजन संवाद के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा हाईस्कूल तथा इंटर मीडिएट परीक्षा में 90% से अह्दिक अंक पाने वाले 7 मेधावी छात्र - छात्राओं को लैपटॉप तथा 10 छात्र - छात्राओं को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया इसके साथ ही गजोधर प्रसाद जूनियर हाई स्कूल, पहाड़पुर में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना का आश्वासन भी दिया गया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मेधावी बच्चे सरोजनीनगर का भविष्य हैं। उनकी सफलता पूरे समाज और क्षेत्र को प्रेरित करती है।- उन्होंने बताया कि अब तक सरोजनीनगर में 500 कंप्यूटर देकर 40 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस तथा 36 संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम्स स्थापित किए जा चुके हैं। डॉ. सिंह ने कहा, शिक्षा विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है और सरोजनीनगर को एक शैक्षिक विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करना उनका स्पष्ट लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में नौकरियों का स्वरूप तेजी से बदलेगा, इसलिए बच्चों का डिजिटल रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### गौसेवा एवं सांस्कृतिक दायित्व:

कार्यक्रम के गौशाला पहुंचकर गायों को चारा खिलाया, डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति, करुणा और संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने जानकारी दी कि सरोजनीनगर क्षेत्र की गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु विधायक निधि से अब तक 12 लाख की राशि उपलब्ध कराकर आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि गौसेवा निरंतर और प्रभावी रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने आयोजक आनंद अवस्थी, राजेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, शिव कुमार तिवारी, आशू शुक्ला, बंथरा नगर पंचायत प्रतिनिधि रंजीत रावत, बच्चा बाजपेई, अटल बाजपेई, शिव शंकर पाण्डेय, पार्षद लवकुश रावत, प्रभाकर शुक्ला, घनश्याम पाण्डेय, बच्चन त्रिपाठी, अनु मिश्रा एवं अन्य उपस्थित क्षेत्रवासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा, सशक्तिकरण और विकास के मूल्यों के साथ सरोजनीनगर को शिक्षा, उद्योग और संस्कृति का मॉडल क्षेत्र बनाने के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

# जिस पर था भरोसा वही निकला दरिंदा, हैवान पिता अपनी नाबालिक बेटी का करता था रेप

**पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल**



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में काफी दिनों से अपनी नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी शनिवार रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बीती 23 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी चचिया सास की करीब 13 वर्ष पहले मौत हो चुकी है और सब्जी विक्रेता 35 वर्षीय चचिया ससुर कक्षा 8 में पढ़ने वाली अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ काफी दिनों से जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दे रहा है। उससे परेशान होकर पीड़िता ने एक दिन इसकी जानकारी अपनी चचेरी भाभी को दी। जिसके बाद पीड़िता की चचेरी भाभी ने 23 जनवरी को अपने चाचिया ससुर के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी की तलाश में जुट गयी। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस उसकी तलाश कर ही रही थी कि शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी युवक थाना क्षेत्र के सरवन नगर स्थित गोलू होटल व इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के बीच शंभू नगर रोड के पास कहीं जाने की फिराक में मौजूद है। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस ने उसे वहां से धर दबोचा। एसीपी ने बताया कि उससे पूछताछ की गयी तो आरोपी ने नशे में अपनी बेटी के साथ कई बार घटना अंजाम देने की बात कबूली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र प्रताप कनौजिया
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज ककरहा कतर्नियाघाट जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र कुमार तिवारी
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज मोतीपुर कतर्नियाघाट जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेश सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विरेन्द्र गुप्ता
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जालिम नगर
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राममिलन विश्वकर्मा
ग्राम प्रधान कतरनियापुरवा ब्लाक
मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकिशोर दीक्षित
राजकीय ठेकेदार,
मेसर्स दीक्षित ब्रिक फील्ड
पता मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आनंद कुमार गोंड
सांसद
56 लोकसभा बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरज गोंड
राजकीय ठेकेदार
युवा भाजपा नेता
विधानसभा बलहा मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लल्लन कुमार
सहायक अभियंता
विद्युत उप केन्द्र मिहींपुरवा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार मौर्य
प्रबंधक
माँ कस्तूरी आशाराम भरोसे शिक्षण संस्थान मिजार्पुर
तेजवापुर जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सचान
बाल विकास परियोजना अधिकारी
ब्लॉक नवाबगंज
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
घनश्याम शर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज कुमार साहू
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज अब्दुल्ला गंज, चरदा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अतुल श्रीवास्तव
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज रूपईडीहा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास पाण्डेय
प्रबंधक प्रतिनिधि
सीमावर्ती कॉलेज ऑफ फामेर्सी
सीमावर्ती पीजी कॉलेज, रूपईडीहा
सीमान्त इंटर कालेज रूपईडीहा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार पाठक
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप त्रिपाठी
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. तौसीफ खान
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवाजी पोरवाल
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रकाश सिंह
ब्लॉक प्रमुख
शिवपूजन सिंह
प्रमुख प्रतिनिधि
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सरोज सोनकर
विधायक
282-बलहा जनपद बहराइच
आलोक जिंदल
विधायक प्रतिनिधि

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिराज अहमद
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सहजना
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्विनी कुमार वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत कल्यानपुर
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नंदकिशोर वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर हुसैनबख्स
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फौजदार वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत सोरहिया
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र कुमार सिंह
(शाखा प्रबंधक)
हिमांशु शेखर
(कैशियर)
एवं समस्त कार्यालय कर्मचारी
उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सोरहिया
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी मो. अनवर
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत जमुनहा बाबागंज
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बकाउल्लाह
अध्यक्ष
प्रबंध समिति दरगाह शरीफ बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय अखिलेश! जय समाजवाद!!
डॉ संतोष पटेल
प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी
283-विधानसभा नानपारा बहराइच

## सम्पादकीय

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्त्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।

## विशेष

प्रभात मिश्र

# वसंत पंचमी

क्या आपको पता है? सूर्य कांत त्रिपाठी निराला को वसंत ऋतु क्यों सर्वाधिक प्रिय है, निराला लिखते हैं- अभी न होगा मेरा अंत
अभी - अभी ही तो आया है

*मेरे वन में मृदुल वसंत , अभी न होगा मेरा अंत*
*हरे -हरे ये पात , डालियां, कलियां, कोमल गात।*
*मैं ही अपना स्वप्न - मृदुल -कर, फेरुंगा निद्रित कलियों पर*
*जगा एक प्रत्यूष मनोहर !*

वसंत मे आंनद भी है उल्लास भी साथ ही सृजन की विस्तीर्ण एक लंबी श्रृंखला को भी लिए हुए है शिशिर की लंबी रातें जैसे जैसे छोटी होती जाती हैं वैसे वैसे निराला की जुही की कली का सौन्दर्य खिल जाना चाहता है -

*विजन - वन वल्लरी पर सोती थी सुहाग -भरी - स्नेह - स्वप्न - मग्न*
*अमल - कोमल - तनु तरुणी जुही की कली,*
*दृग बंद किये, शिथिल,- पत्रांक में , वासंती निशा थी,*

निराला का वसंत कुमार संभव के वसंत से अलग है क्योंकि निराला निराला हैं वे आंखों और बादल के महान कवि हैं जहां का संसार विहंगम है अन्य छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की दृष्टि से देखते हैं जिसमें वे आंखों से क्या देखते हैं अवलोक रहा बार-बार नीचे जल में निज महाकार जिसके चरणों में पला ताल दर्पण सा फैला है विशाल।



सूर्य कांत त्रिपाठी निराला का रचना संसार केवल यहीं तक नहीं रुकना चाहता है वह तुलसीदास की तरह संबल प्रदान करते स्पष्ट दिखाई देते हैं और लिखते हैं - महाकाव्य राम की शक्ति पूजा शक्ति की करो मौलिक कल्पना भाव वही शाश्वत असत्य पर सत्य की विजय, अनैतिकता पर नैतिकता की विजय, ये शंखनाद पूर्णतः आधुनिक क्योंकि निराला जानते थे अंग्रेजों को हराना रावण को हराने के समान था इसलिए वो राम की शक्ति पूजा लंबी कविता रचते हैं निराला के राम नवीन हैं लोक नायक हैं लिखते हैं - होगी जय होगी जय हे पुरुषोत्तम नवीन कह महाशक्ति राम के बदन मे हुई लीन।

पराधीनता से स्वाधीनता, कदाचार से सदाचार की इस अविराम यात्रा के कथानक को समर्पण से जोड़ देते हैं अपनी इस लंबी कविता के माध्यम से निराला ने ये स्थापित किया कि मां सीता का अपहरण राष्ट्र की संस्कृति का अपहरण है अस्मिता का अपहरण है जिससे मुक्ति आवश्यक है यहां राम को शक्ति की उपासना का आव्हान करते ताकि आततायी रावण जो निरंकुश अंग्रेजी सत्ता का प्रतीक है उखाड़ फेका जा सकें इस पूरे क्रम में निराला का पाठकों से संवाद बेजोड़ है संवेदना, शिल्प व भाषा शैली अद्भुत व अभिभूत कर बहा ले जाती है ।

निराला के सृजन शक्ति में राष्ट्रीय मान बिन्दुओं के संरक्षण संवर्धन का आग्रह तीव्र है वहीं भावुक पिता का द्रवित ह्रदय जो पुत्री सरोज के असमय निधन से वेदना ग्रस्त हो सरोज स्मृति लिखते हैं जो एक शोक गीत है जीवन का एलबम भी जहां टूटने जुड़ने के दौर से गुज़र जाना चाहता है। निराला स्वतंत्र भारत में 14 वर्ष जीवित रहे उनके राम ने अंग्रेज रुपी रावण को देश से बाहर का रास्ता दिखा दिया था संकल्प पूरा हुआ पर तत्कालीन दौर की शासन व्यवस्था कोई पुरस्कार न दे



वसंत पंचमी

डॉ. बलवीर आचार्य

> भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के श्रृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म' के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है




अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफ़ाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।

मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'श्रृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

# शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी



संकलित

दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चींटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

# अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित

प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *-विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं



डोडा मे हुए दुखद सड़क हादसे से मै बेहद दुखी हू, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्जरलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ ये छुट्टिया मना रहे है, दूसरी तरफ'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार

देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की।



## ऑफ बीट

### बेंगलुरु दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर

भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74 .4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है



## संक्षेप

### बैनामा की जमीन पर बाउंड्रीवॉल गिराई

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , खेरौना गांव में एक व्यक्ति की बैनामाशुदा जमीन पर बाउंड्रीवॉल गिराने का मामला सामने आया है।पीड़ित अरविंद श्रीवास्तव ने इस संबंध में गौरीगंज स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। अरविंद श्रीवास्तव ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उनकी बाउंड्रीवॉल गिरा दी। यह दीवार लगभग 30 फीट लंबी और तीन फीट ऊंची थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों का मकसद उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अपर्णा रजत कौसिक ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए डीडी डॉ विनय वर्मा को मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। बिष मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए उपनिदेशक कृषि को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक कृषि डॉक्टपंकज त्रिपाठी एवं अपर कृषि निदेशक (प्रसार) उत्तर प्रदेश कृषि योजनाओं को धरातल पर नई परंपरा को विकसित करने विष मुक्त खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों के मध्य उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने, आईपीएम की उपयोगिता किसान तक पहुंचाने , फसलों की सुरक्षा एवं कीट रोग नियंत्रण को प्रभावी बनाने के दृष्टिगत लाइटट्रैप,स्टिकी स्टिक का उपयोग कराकर विष मुक्त खेती को बढ़ावा दिए जाने में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान के दृष्टिगत उन्हें राज्य स्तर का सम्मान/ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।आपको बताते चलें कि उप निदेशक कृषि डॉ विनय कुमार वर्मा की जब से जनपद बहराइच में तैनात हुई हैं उनके द्वारा किसानों के प्रक्षेत्रों पर जाकर किसान के बीच आईपीएम,लाइट ट्रैप स्टिकी स्टिक को अपनाने पर व्यवहारिक रूप से जागरूक किया जा रहा है।उनकी इसी शैली से प्रभावित होकर कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश श्री पंकज त्रिपाठी ने" उत्तर प्रदेश दिवस 2026 "के अवसर पर "राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल" बसंतकुंज लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। उपनिदेशक कृषि द्वारा जिले में स्थापित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला को भी एक नया लुक प्रदान किया गया है जनपद के किसान अपनी खेत की मिट्टी की जांच कभी भी करा सकते हैं।साथ ही कृषि भवन बहराइच को सजा संवार कर बिल्कुल कॉपोर्रेट लुक प्रदान किया गया है। श्री वर्मा के इस कार्य की लोग सराहना कर रहे हैं उनके सम्मानित होने पर कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत कैसरगंज में बहू-बेटी सम्मेलन

### महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध, एंटी रोमियो अभियान व सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। 25 जनवरी 2026 को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति / एंटी रोमियो अभियान के तहत ग्राम अरई उमरी, थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश-निदेशों के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति आगाही दी गई तथा उन्हें निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। महिला संबंधी अपराधों की शिकायत हेतु टोल-फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 तथा साइबर अपराध से संबंधित शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ कर उन्हें कानूनी सहायता व पुलिस सहयोग के प्रति आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति / एंटी रोमियो टीम मेंउ0नि0 बाबूलाल विश्वकर्मा, म0 उ0 नि0 आशा वर्मा,आ0 सूर्यकान्त पाण्डेय ,म0आ0 दीपिका त्रिवेदी, म0आ0 रोशनी देवी, म0आ0 स्वाती तिवारी उपस्थित रही।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कैसरगंज में लोकतंत्र का जश्न

### जागरूकता रैली, मतदाता शपथ और उत्कृष्ट बीएलओ-सुपरवाईजर सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज दिनांक 25 जनवरी 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे जोश-ओ-खरोश और पुर-वकार माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ तथा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, कैसरगंज ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की असल बुनियाद है। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखने में लगे कर्मचारियों के प्रयासों की दिल खोलकर तारीफ की।सम्मान समारोह में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इनकी मेहनत से मतदाता सूची में पारदर्शिता आई है और आम मतदाताओं का भरोसा कायम हुआ है। इस मौके पर तहसीलदार मीना गोंड नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार जरवल सुरेंद्र वर्मा सहित तहसील कैसरगंज के अन्य राजस्व कर्मचारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने लोकतंत्र को मजबूत करने का अहद लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण, मुनासिब इंतजामात और व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर निकलेगी भव्य ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय(झांसी)- 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के महापर्व पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष देश के शहीदों के नाम छठवीं ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा सुबह 10:00 बजे गल्ला मंडी से गुरसरांय नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए और सभी चौराहों से निकलेगी। इस बार यह यात्रा पूरे प्रदेश में एक नजीर बनेगी जिसमें युवाओं से लेकर बच्चे,बूढ़े,महिलाएं विभिन्न परिवेशों में और विभिन्न झांकियों के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्रभक्ति के प्रति जागृत व समर्पित होने के लिए गूंज मां गीतों का डीजे के साथ-साथ हर व्यक्ति अपने हाथ में तिरंगा लिए होगा यात्रा की भव्यता को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के लिए उपलब्ध रहेगा इसको लेकर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और हमेशा बच्चों व युवाओं में प्रेरणा देने वाले भगत सिंह समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक प्रेस वार्ता के दौरान उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रख्यात कथावाचक शांतनु महाराज,संत वैदेही वल्लभ शरण जी महाराज, ज्योतिषआचार्य दीपेंद्र अरजरिया, चेयरमेंन जयपाल सिंह चौहान उपस्थित रहेगे।




### संजय सिंह बोले- शंकराचार्य से प्रमाण मांगना हिटलरशाही

सुलतानपुर , आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह अपने गृह जनपद सुल्तानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुए घटनाक्रम को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। संजय सिंह ने कहा कि शंकराचार्य से प्रमाण मांगना हिटलरशाही का जीता-जागता उदाहरण है और यह मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार के अहंकार को दशार्ता है। आप सांसद ने सवाल उठाते हुए कहा- सरकार का दोहरा चरित्र साफ नजर आता है। जब प्रधानमंत्री शंकराचार्य के पैर छूते हैं, तब वे शंकराचार्य होते हैं।जब महाकुंभ में अन्य शंकराचार्यों के साथ उन्हें स्नान कराया जाता है, तब भी वे शंकराचार्य माने जाते हैं।

# जमीन विवाद में दो पक्षों पर मुकदमा दर्ज

### दरोगा की तहरीर पर 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट, 9 हिरासत में




अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , नवाबगंज थाना क्षेत्र में मेड़बंदी को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई।पुलिस के पहुंचने पर भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे।इस मामले में पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नौ को हिरासत में लिया है ।लाठी-डंडों से मारपीटनवाबगंज थाने के दरोगा अमित कुमार चौहान ने बताया कि 21 जनवरी की शाम करीब 5:35 बजे यूपी 112 पर नारायण सिंह का पुरवा गोपालपुर से मेड़बंदी विवाद में मारपीट की सूचना मिली थी।पुलिस टीम मौके पर पहुंची।दरोगा के अनुसार, राजस्व और पुलिस टीम के मौके से जाने के बाद दोनों पक्ष ईंट-पत्थर, लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे थे और एक-दूसरे को जानलेवा धमकी भी दे रहे थे।इस दौरान दोनों पक्षों को चोटें भी आईं।दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष से घूरेलाल, गुड्डी देवी, हरीलाल, संतोष कुमार, सुधा, रंजना और दूसरे पक्ष से बाबूलाल, खुशबू, देवपति, उर्मिला देवी, शालू, सदाशिव, अभय सिंह, राकेश कुमार समेत कुल 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अलीगढ़ में पत्नी ने पति को चारपाई से बांधकर पीटा

### बुजुर्ग मां बोली- बहू के पास अवैध तमंचा, बेटे की जान को खतरा

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , टप्पल थाना क्षेत्र के हामिदपुर गांव में घरेलू विवाद का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है।यहां एक महिला ने अपने पति को चारपाई से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वहीं, पीड़ित युवक की बुजुर्ग मां ने बहू पर अवैध हथियार रखने और बेटे की जान को खतरा होने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस और स्थानीय विधायक से न्याय की गुहार लगाई है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक चारपाई से बंधा हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि उसकी पत्नी पास में खड़ी होकर हंगामा कर रही है।पत्नी का कहना है कि उसका पति अत्यधिक शराब पीता है और आए दिन घर में झगड़ा करता है।इसी कारण उसे काबू में करने के लिए उसने यह कदम उठाया। बाद में युवक की मां और गांव के लोगों ने मिलकर उसे रस्सी से मुक्त कराया।

#### बुजुर्ग मां का आरोप-बहू के पास है अवैध तमंचा

पीड़ित युवक की मां सुमन ने इस मामले को केवल घरेलू विवाद नहीं, बल्कि जानलेवा खतरे से जुड़ा बताया है।सुमन के अनुसार, उनकी बहू सोनी, जो रसूलपुर (टप्पल) की रहने वाली है, पिछले दो साल से उनके बेटे प्रदीप को प्रताड़ित कर रही है। सुमन का आरोप है कि बहू न सिर्फ बेटे को बंधक बनाकर मारपीट करती है, बल्कि उसके पास एक अवैध तमंचा भी है। वह अक्सर तमंचा दिखाकर प्रदीप को जान से मारने की धमकी देती है। सुमन का कहना है कि उन्होंने घर में हथियार तलाशने की कोशिश की, लेकिन बहू ने उसे कहीं छिपा दिया ।बुजुर्ग महिला का आरोप है कि उन्होंने कई बार टप्पल थाने में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सुमन का कहना है कि थाने में बहू की बात ज्यादा सुनी जाती है क्योंकि वह महिला है, जबकि उनके और उनके बेटे के दर्द को नजरअंदाज किया जा रहा है।

#### विधायक से मांगी सुरक्षा

पुलिस से निराश होने के बाद सुमन स्थानीय विधायक के पास पहुंचीं और परिवार की सुरक्षा की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सोनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई और उसके पास मौजूद कथित अवैध हथियार की बरामदगी नहीं हुई, तो उनके बेटे के साथ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इस मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर तेज रफ़्तार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक ग्राम प्रधान गंभीर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक बोलेरो सहित भाग निकला। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी आजाद कुशवाहा की बीते शनिवार को बीमारी के चलते मौत हो गई थी। आज रविवार को ग्राम पंचायत माढ़ापुर के प्रधान विजयपाल कुशवाहा शव के अंतिम संस्कार में शामिल होने कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर गए थे। वह अंतिम संस्कार के बाद बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे। तभी रास्ते में दोपहर बाद बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम मदार नगर के निकट सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो में बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और ग्राम प्रधान सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक बोलेरो सहित भाग निकला। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने आनन-फानन घायल प्रधान को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### बड़े ही धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी औरास में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।तिरंगा यात्रा में लोग देश भक्ति के गीतों पर झूमते हुए नजर आए। औरास क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।यह यात्रा क्षेत्र के शाहपुर तोंदा गांव के सत्यम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के साथ शुरू होकर औरास कस्बे से होते हुए क्षेत्र में भ्रमण किया। देश भक्ति के गीतों पर लोग झूमते हुए देखा गया । सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के उद्घोष से पूरे क्षेत्र में गुजायमान हो गया। लोग हाथ मे तिरंगा लेकर भारत माता का जयकारा लगाते हुए राष्ट्रीय पर्व का उत्सव मनाया । इस अवसर पर जगह जगह लोगो ने रैली का स्वागत करते हुए राष्ट्र भक्ति में सराबोर हुए।

### लड़की से बात नहीं कराने पर युवक ने मां को दी गाली

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि ग्राम बैदरा थाना बारा सगवर जनपद उन्नाव निवासी अजय कुमार पुत्र भगवानदीन ने फोन कर कहा कि अपनी पुत्री से कराने को कहा मना करने पर युवक फोन से गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी देने लगा युवती की मां के तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

### साहनपुर में पारंपरिक रूप से हुआ वसंत पूजन

नजीबाबाद। नगर पंचायत साहनपुर में वसंत पंचमी के अवसर पर होलिका दहन स्थल मोहल्ला फील्ड में पारंपरिक रूप से वसंत पूजन किया गया

# मानकविहीन निर्माण कार्य का आरोप, उच्च स्तरीय जाँच की माँग

अमन लेखनी समाचार



गंजमुरादाबाद, उन्नाव। 24 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले गंज मुरादाबाद से नया गांव मार्ग के निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का आरोप है कि यह निर्माण कार्य पूर्णतः मानकविहीन हो रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है। आरोपों के केंद्र में सत्ताधारी नेता, ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) के अधिकारी हैं, जिन पर 'बंदरबांट' के चलते मानकों की अनदेखी करने का आरोप है।परियोजना की उच्च लागत के बावजूद, निर्माण में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। मानक के अनुसार न तो सड़क की खोदाई की गई है और न ही रोलिंग की गई। आरोप है कि मात्र 10 टन के छोटे रोलर का उपयोग करके दबाई (कम्पैक्शन) की गई, जो बड़े निर्माण कार्यों के लिए अपर्याप्त है। गिट्टी-डस्ट मिश्रण अनुपात में गड़बड़ी, सब-बेस और बेस निर्माण में उपयोग होने वाले गिट्टी और डस्ट के मिश्रण का अनुपात गलत है। इसके अलावा, सड़क निर्माण में प्रयोग किया जा रहा आर.सी.सी. मिश्रण भी मानक विहीन बताया गया है। आरोप है कि ठेकेदार के पास ए-श्रेणी की ठेकेदारी होने के बावजूद, निर्माण कार्य के लिए आवश्यक संसाधन जैसे कि एक उचित प्रेशर रोलर तक उपलब्ध नहीं है। ?सड़क फटने का खतरा, सराय सुल्तान से रामपुर भसूड़ा तक, सड़क के दोनों तरफ खोदाई के बाद डाली गई मिट्टी की कायदे से दबाई नहीं हुई है, जिससे भविष्य में सड़क के किनारे फटने का गंभीर अंदेशा है। गंज जलालाबाद में निर्मित आरसीसी सड़क तो बना डाली है लेकिन पानी निकास के लिए एल टाइप नाली का निर्माण अभी तक नही किया गया है।जल निकासी की अनदेखी के कारण ग्रामीणों के घरों में गंदा पानी भर रहा है।निर्माण में सबसे बड़ी लापरवाही जल निकासी को लेकर सामने आई है। नाली निर्माण की अनदेखी सड़क निर्माण से पहले आवश्यक 'एल टाइप' नाली का निर्माण नहीं किया गया है। नाली के अभाव में अब सड़क और आसपास के ग्रामीणों के घरों में गंदा पानी भर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी खतरा झेलना पड़ रहा है। निर्माण कार्य की देखरेख के लिए लगभग एक दर्जन अवर अभियंता और सहायक अभियंता लगाए गए हैं। हालांकि, आरोपों के अनुसार, इन अधिकारियों ने कमीशनबाजी के चलते सड़क की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया है। ?स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से यह मानकविहीन सड़क का निर्माण हो रहा है। जिसका सीधा असर सड़क की मजबूती और जनता के पैसों पर पड़ रहा है। शासन के निर्देश है कि कोई भी विकास कार्य जो 5 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य हो उन्हें जनपदीय प्रशासनिक अधिकारियों को विकास कार्य का सर्वेक्षण करना चाहिए लेकिन ताज्जुब आज तक कोई भी हरदोई जनपद का प्रशासनिक अधिकारी उक्त रोड़ के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नही आया है। ? उच्च स्तरीय जांच की माँग- मानकविहीन निर्माण और कथित कमीशनखोरी के इन गंभीर आरोपों के मद्देनजर, सड़क की मजबूती पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है। जनहित में इस पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की आवश्यकता है ताकि दोषियों की जवाबदेही तय हो सके और जनता के 24 करोड़ रुपये का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

## बस की टक्कर से हुआ हादसा, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार




गरौठा। गरौठा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निमगहना पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भीषण टक्कर से हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस (संख्या UP 90 B 9845) और मोटरसाइकिल (संख्या UP 93 B 5272) के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक आशीष कुमार (30 वर्ष), पुत्र मथुरा प्रसाद, निवासी राजेन्द्र नगर, गरौठा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अमित राय ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।बताया गया है कि मृतक आशीष कुमार दिल्ली में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपनी मोटरसाइकिल के फाइनेंस से संबंधित एनओसी लेने के लिए हाल ही में घर आया हुआ था। आशीष अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी वर्तमान में दिल्ली में ही मौजूद बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार बस चालक की तलाश की जा रही है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। संडीला रोड स्थित आर.एस.इंटर कॉलेज में सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार साक्षी राय के अलावा नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला , राजस्व निरीक्षक संपूर्णानंद वर्मा, लेखपाल प्रवीण कुमार पटेल एवं कुलदीप सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसमें प्रमुख एस आई आर संबंधित कार्यक्रम की प्रस्तुति रही । मुख्य अतिथि द्वारा उक्त प्रस्तुति की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में राजस्व विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद एवं प्रधानाचार्य संतोष कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक रिजवान अहमद ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता अर्सलान द्वारा किया गया।

# कोचिंग से घर जा रहे छात्र पर दबंगो ने किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार शाम कोचिंग से लौट रहे एक युवक पर पांच अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। माढापुर रोड पर हुई इस घटना में युवक के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के शकरौली गांव निवासी 18 वर्षीय आकाश बांगरमऊ कस्बे में कोचिंग पढ़ने जाता है। शनिवार शाम करीब 6 बजे गुलाब टेंट हाउस के पास उसकी साइकिल में एक बाइक ने टक्कर मार दी। जब आकाश ने इसका विरोध किया, तो दो बाइकों पर सवार पांच युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया।मारपीट के दौरान हमलावरों में से एक ने धारदार हथियार से आकाश के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल आकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।परिजनों ने बताया कि घटना की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दे दी गई थी और पुलिस मौके पर पहुंची थी। उन्होंने यह भी बताया कि आज समय न मिलने के कारण वे रविवार को कोतवाली में तहरीर देंगे। घायल युवक हमलावरों को पहचान नहीं सका है।

# दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चेकिंग से लौट रहे एक दरोगा और एक सिपाही समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना लखनऊ मार्ग स्थित रघुवर खेड़ा मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार, बांगरमऊ कोतवाली में तैनात एसआई अनिल कुमार मिश्रा (55 वर्ष, पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा) अपने हमराही सिपाही हर्ष के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। शाम को दोनों एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। रघुवर खेड़ा मोड़ के पास उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों को काफी नुकसान पहुंचा। दूसरी बाइक पर फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के धन्नाखेड़ा गांव निवासी राजू यादव (35 वर्ष, पुत्र कल्लू यादव) सवार थे, जो इस दुर्घटना में घायल हो गए।दुर्घटना के बाद मौके से गुजर रहे एडवोकेट योगेश लोधी ने अपनी कार रोककर घायल पुलिसकर्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। घायलों में एसआई अनिल कुमार मिश्रा की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। अनिल मिश्रा और राजू यादव को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि सिपाही हर्ष को मामूली चोटें आई हैं।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे कई घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शहर के जिला अस्पताल चौकी क्षेत्र में शनिवार रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा और दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है।यह घटना भोला कबाब पराठा के ठीक सामने हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद अचानक शुरू हुआ और कुछ ही मिनटों में दोनों पक्षों के कई लोग आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडों और हाथों से एक-दूसरे पर वार किए गए। सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, जिससे आने-जाने वाले लोग दहशत में आ गए।मारपीट के दौरान सड़क पर मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी रही। कुछ लोग बीच-बचाव की कोशिश करते दिखे, लेकिन अधिकांश लोग मोबाइल से वीडियो बनाते नजर आए। जिला अस्पताल इस मारपीट में कई लोगों को चोटें आई हैं, हालांकि घायलों की सही संख्या की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। आमजन का कहना है कि जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की खुलेआम मारपीटकानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।सूचना मिलने पर जिला अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक झगड़ा करने वाले लोग वहां से भाग चुके थे। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की बारीकी से जांच की जा रही है और इसमें शामिल लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यदि तहरीर नहीं मिलती है, तो भी पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई करेगी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। ठीक सामने हुई इस घटना के कारण कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर शाम एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देवखरी चौकी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किया गया है। यह घटना आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 227 स्थित देवखरी चौकी के निकट हुई। मल्लावां थाना क्षेत्र के बक्खा पुरवा गांव निवासी 18 वर्षीय बौवा पुत्र परमेश्वर और अखिलेश नामक युवक पेट्रोल डलवाकर टोल प्लाजा की ओर वापस आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर यूपीडा (UPIDA) टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बांगरमऊ में भर्ती कराया। वहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दोनों युवक एक साथ ट्रैक्टर से सरसों काटने का काम करते थे।

# पुलिस ने दो वारंटी युवकों को किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के चंदरपुर निवासी विकास पुत्र देवी सहाय पर मारपीट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था जबकि नन्दुलनखेड़ा निवासी मुनेश्वर उर्फ बउवा पुत्र भल्लर उर्फ फल्लर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। न्यायालय द्वारा जारी पेशियों में न पहुचने पर वारंट जारी हुआ था जिसके तहत थाना बारासगवर के उ0नि0 रामप्रताप सिंह ,उ0नि0 रामकुमार यादव ,हे0का0 अजय कुमार मौर्य ने दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शिक्षक प्रशांत पाण्डेय उत्कृष्ट योगदान के लिए हुए सम्मानित

## उपजिलाधिकारी समेत अधिकारियों ने की प्रशंसा




अमन लेखनी समाचार / शोभित शुक्ला

फतेहपुर। संपूर्ण देश में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एस आई आर प्रक्रिया के तहत जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत बीएलओ सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह अंतर्गत जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षक बीएलओ प्रशांत पाण्डेय के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रियंका अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम में मौजूद अन्य अधिकारियों ने भी शिक्षक प्रशांत पाण्डेय की जमकर सराहना की जहां मतदाता सूची के अद्यतन सत्यापन एवं जागरूकता अभियान में शिक्षक का योगदान उल्लेखनीय बताया गया इस मौके पर उपजिला अधिकारी प्रियंका अग्रवाल के साथ तहसीलदार अचलेश सिंह नायब तहसीलदार रचना यादव सहित तहसील एवं निर्वाचन विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे

# पीएम स्वनिधि सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को भी मिलेगा क्रेडिट कार्ड

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा क्रेडिट कार्ड लांच करने का आईसीसीसी में हुआ लाइव प्रसारण

- महापौर ने किया वेंडरों से अपने को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान
- सहारनपुर में लाभार्थियों को सम्बोधित करते महापौर डॉ. अजय कुमार।



अमन लेखनी समाचार

सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत केरल में क्रेडिट कार्ड लांच करने एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण आईसीसीसी में लाभार्थियों को दिखाया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार व अनेक पार्षद भी मौजूद रहे। सहारनपुर में भी 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वालेये क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जायेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर सहारनपुर के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 में एक ऐसे विकसित भारत का सपना देखा है, जिसमें हर आदमी के पास रोजगार होगा और वह आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर 2024 को योजना का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा योजना को 2030 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों तक एक रुपये में से मात्र 15 पैसे लाभार्थी तक पहुंच पाते थे बाकि बिचैलिए खा जाते थे। मोदी सरकार ने लोगों को बिचैलियों से बचाया है। आज लोन का पैसा या कोई भी लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों से इस पूंजी से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। महापौर ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में सहारनपुर में नगर निगम क्षेत्र के 21629 वेंडर्स को प्रथम किश्त के रुप में 10 हजार, 8772 वेंडर्स को द्वितीय किश्त के रुप में 20 हजार तथा 1679 वेंडर्स को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराया गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 510 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रुप में 15 हजार, 773 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रुप में 25 हजार तथा 317 लाभार्थियों को तृतीय किश्त के रुप में 50 हजार रुपये की किश्त प्रदान की गयी है। सहारनपुर के 132 लाभार्थियों को 30 हजार रुपये की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जा रहे है। इससे पूर्व लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शहरी पथ विक्रेताओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए यह योजना जून 2020 में शुरू की गयी थी।

# तेज हवाओं व बारिश ने बिगाड़ा जनजीवन, बसंत पंचमी पर पतंगबाजी नहीं हो सकी

अमन लेखनी समाचार

सहारनपुर। चार दिन निकली धूप के बाद सुबह अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। दिनभर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पारा नीचे गिरने से ठंड फिर बढ़ गई है। सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही, वहीं बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। उधर तेज हवाएं चलने से सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ है तथा कुछ स्थानों पर विद्युत खंभे और तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधिक हुई है। कुछ स्थानों पर तो विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत आपूर्ति ठीक कर दी है परंतु जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों को अंधेरे में ही रात गुजारनी होगी। वैसे बारिश का रबी की फसल को फायदा ही हुआ है परंतु तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल नीचे गिरने से नुकसान होने का अनुमान है। तेज हवाओं और रुक-रुक कर हुई बारिश का सबसे अधिक असर बसंत पंचमी पर्व पर देखने को मिला। इस अवसर होने वाली पारंपरिक पतंगबाजी पूरी तरह ठप हो गई। ौसम की प्रतिकूलता के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके, जिससे पतंग उड़ाने का उत्साह फीका पड़ गया। पतंगबाजी के शौकीन युवाओं में इसको लेकर खासा निराशा देखने को मिली। पर्व को लेकर युवाओं ने पहले ही बड़ी संख्या में पतंगें, मांझा व अन्य सामान खरीद लिया था, लेकिन मौसम के कारण वे अपनी पसंदीदा गतिविधि नहीं कर सके।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

